basis with the Railways is maintaind to remove transportation bottlenecks in such coalfields area which have potential for enhanced production.

(iv) Private sector companies engaged in production of iron and steel, cement and generation of power have been permitted to take up coal mining for their own use. This is expected to increase domestic coal production.

(v) Modification of existing washeries as well as construction of new washeries are being taken up to increase the availability of washed coking coal.

(c) Details of coal production in the country, State-wise, during 1995-96 are as under:

State	Production (Million Tonnes)
1. West Bengal	17.93
2. Bihar	74.53
3. Orissa	32.70
4. Madhya Pradesh	79.76
5. Maharashtra	22.82
6. Uttar Pradesh	14.80
7. Assam	0.82
8. Andhra Pradesh	26.77
	270.13

आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान जनसंख्या की तुलना में श्रम शक्ति में वृद्धि

2717. **श्री ओ॰ पी॰ कोहलीः** क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान अखिल भारतीय स्तर पर जनसंख्या वृद्धि का प्रतिशत क्या रहा है;

(ख) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान श्रम शक्ति में वृद्धि का प्रतिशत क्या रहा है;

(ग) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान रोजगार वृद्धि का प्रतिशत क्या रहा है; और

(घ) कुल श्रम शक्ति में बाल श्रमिकों का प्रतिशत क्या है?

श्रम मंत्री (श्री एम॰ अरूणाचलम): (क) से (घ) चूंकि आठवीं योजना ने अपना कार्य-काल पूरा नहीं किया है इसलिए इस अवधि के दौरान जनसंख्या, जनशक्ति, रोजगार एवं बाल श्रम में प्रतिशत वृद्धि अभी तक उपलब्ध नहीं है। तथापि, आठवीं योजना दस्तावेज (खण्ड-1) के अनुसार, जनसंख्या, श्रम शक्ति, रोजगार एवं बाल श्रम संबंधी आधार तथा प्रतावित अनुमान संलग्न विवरण में दिए गए है।

विवरण

आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान जनसंख्या की तुलना में श्रम शक्ति में वृद्धि

	1992 हेतु अनुमान	1997 हेतु प्रक्षेपण	विकास की औसत दर (प्रतिशत वार्षिक)
जनसंख्या	860.43	941.37	1.81
जन शक्ति	328.94	364.31	2.06
रोजगार	301.73	—	2.6 - 2.8
बाल श्रम	12.29	12.70	0.66

स्रोतः आठवीं पंचवर्षीय योजना दस्तावेज

द्रंग में नमक का उत्पादन

2718. **श्री महेश्वर सिंहः** क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या हिमाचल प्रदेश के मण्डी जिले में द्रंग नामक स्थान पर नमक का उत्पादन शुरू हो गया है जहां केन्द्रीय सरकार ने लाखों रुपए खर्च किए हैं;

(ख) यदि हां, तो कब से और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है; और

(ग) केन्द्रीय सरकार द्वारा अब तक इस उद्योग पर कुल कितनी धन राशि खर्च की गई है?

उद्योग मंत्री (श्री मुरासोली मारन): (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) द्रंग की खदानों में घोल खनन